PANCHSHEEL PUBLIC SCHOOL

10+2 Senior Secondary School (Affiliated & Recognized by CBSE)
Jaitpur, Badarpur, New Delhi-44

A[illegible] Sample Paper 2022-23

Time: **Subject:** **Class: V**

M. Marks: 50

Name…………………… **Roll No………….……** **Section …….** **Date:**

खंड(क)

प्रश्न (1) दिए गए गदयांश को पढ़कर उसके नीचे लिखे प्रश्नों के उत्तर लिखो –(5)

एक दिन तेनालीराम ने देखा कि उसके घर के आस-पास कुछ चोर घूम रहे हैं। वह उनका इरादा समझ गया। उसने चारों को सुनाते हुए अपनी पत्नी से कहा, "देखो, आजकल चोरों का बड़ा ज़ोर है। अपने पास रुपया-पैसा और जो कीमती सामान है उसे एक बड़े संदूक में भर दो। मैं उसे बाग के कुएँ में छिपा दूँगा।" चोरों ने यह सुना तो बड़े प्रसन्न हुए। तेनालीराम ने एक संदूक लेकर उसमें ईंट-पत्थर भरे और उसने घर से लगे बगीचे में बने कुएँ में वह संदूक डाल दिया। रात होने पर चोर कुएँ पर आए, लेकिन किसी की भी कुएँ में घुसने की हिम्मत नहीं हुई। उन्होंने एक उपाय सोचा। वे तीन बाल्टियाँ ले आए और कुएँ से पानी निकालने लगे। रात-भर वे पानी निकालते रहे। सवेरा होने पर पकड़े जाने के डर से चोर वहाँ से भागने लगे। तभी तेनालीराम वहाँ आ पहुँचा और चोरों से बोला, "भैया, मेरा धन्यवाद तो लेते जाओ, तुम लोगों ने रात-भर मेरे बगीचे में पानी दिया है।"



1. तेनालीराम के घर के आस-पास कौन घूम रहे थे?
(क)चोर
(ख)पत्नी
(ग)माली
(घ) चौकीदार
2. तेनालीराम ने संदूक में क्या भरा?
(क) रुपये-पैसे और कीमती सामान ।
(ख)ईंट-पत्थर

(ग)बच्चों के कपड़े
(घ) खाने-पीने का सामान
3. तेनालीराम ने रुपए-पैसे और कीमती सामान कहाँ रखा?
(क) घर में
(ख) कुएँ में
(ग) संदूक में
(घ) बगीचे में
4. संदूक निकालने के लिए चोरों

ने क्या किया?
(क) कुएँ में घुस गए
(ख) सवेरा होने का इंतज़ार करने लगे
(ग) कुएँ से पानी निकालने लगे
(घ) उपर्युक्त सभी

5. सुबह होते ही तेनालीराम ने चोरों से क्या कहा?

(क) मैं तुम्हें मारूंगा।

(ख) यह मेरी योजना थी।

(ग) मेरा धन्यवाद तो लेते जाओ।

(घ) इनमें से कोई नहीं।

प्रश्न(2) निम्नलिखित शब्दों के अर्थ लिखिए :-(2)
(क) – मंजिल
(ख) – जिम्मा

प्रश्न(3) सही उत्तर चुनकर सही का चिन्ह लगाइए। (3)

(क) लियो द विंसी का सपना किसने सच किया?
(i) बेयर्ड ने ( )
(ii) राइट बंधुओं ने ( )
(iii) एडिशन ने ( )

(ख) चुनमुन की दीदी का नाम क्या था?
(i) गीतिका ( )
(ii) रीतिका ( )
(iii) मितिका ( )

(ग) सर्वप्रथम अध्यापिका ने कौन-सी दौड़ का आयोजन किया?
(i) 400 मीटर दौड़ ( )
(ii) 200 मीटर दौड़ ( )

(iii)100 मीटर दौड़ (   )

प्रश्न (4) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में लिखिए।
(3)

(क) पिताजी ने क्या कह कर हार मान ली ?

(ख) स्वास्थ्य और प्रेरणा प्राप्त करने के लिए क्या आवश्यक है ?
(ग) चुनमुन मातादीन पंसारी से क्या लाया?

प्रश्न (4) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए है।
(6)

(क) नित नए सपने देखना क्यों जरूरी है?

(ख) आजकल के बच्चे खेल के लिए किन-किन उपकरणों का प्रयोग करते हैं?
(ग) स्वामीनाथन को किस बात पर झुंझलाहट हो रही थी?

प्रश्न(5) किसने कहा किससे कहा?(2)
(क)" बेटा चुनमुन , अब आकर नाश्ता कर लो ।"
(ख)" यही कोई डेढ़-दो महीने। पर तू यह क्यों पूछ रहा है"।
प्रश्न (6) श्रुतिसम भिन्नार्थक शब्दों के सही अर्थ पर सही लगाओ।(1)
(क) उपयुक्त, उपर्युक्त
(i) ठीक, ऊपर कहा गया
(ii) सही, नीचे कहा गया
व्याकरण खंड (ख)

प्रश्न (1) सही उत्तर चुनकर सही का चिन्ह लगाइए ? (3)
(क) अंकिता सबसे समझदार छात्रा है।- में समझदार है -

(i) गुणवाचक (   )
(ii) परिमाणवाचक (   )
(iii) संख्यावाचक (   )
(ख) 'अंसू बहार जा रहा है'
क्रिया का सही भेद पहचान कर सही का चिन्ह लगाइए।

(i) सकर्मक (   )
(ii) अकर्मक (   )

(ग) " नेहा पुस्तक लिख रही है "   क्रिया का सही भेद पहचान कर सही का चिन्ह लगाइए।
(i) सकर्मक क्रिया(   )
(ii) अकर्मक क्रिया   (   )

प्रश्न (2) अव्यय किसे कहते हैं? (2)
प्रश्न (3) क्रिया किसे कहते हैं? (1)
प्रश्न (4) निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलो।
(2)
(क) वीर -   -------------------

(ख) विद्वान -   —---------------

प्रश्न (5) निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलो   ।
(2)
(क) चुहिया   -   -------------------
(ख)   गुड़िया -   -------------------

प्रश्न (6) निम्नलिखित शब्दों के दो दो पर्यायवाची शब्द लिखिए:-(2)
(क) माँ -
(ख) वीर-
प्रश्न (7) निम्नलिखित शब्दों के विलोम शब्द लिखिए- (2)
(क) प्रशंसा-
(ख) धनी-
प्रश्न(8) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिए:-(2)
(क) जो टाला ना जा सके-
(ख) इतिहास से संबंध रखने वाला-

प्रश्न**(9)** मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य बनाइए।**(2)**

(क)   जी जान से जुटना**-**

प्रश्न **(10)** निम्नलिखित पत्रों में से कोई एक पत्र लिखिए। **(5)**
(क) कक्षा में प्रथम आने पर अपने चाचा जी ने आपको एक उपहार भेजा। हार कैसा लगा बताते

हुए चाचा जी को पत्र लिखिए।

(ख) पुस्तकालय की स्थिति बताते हुए प्रधानाचार्य को पत्र लिखिए।

प्रश्न (11) निम्नलिखित विषयों में से किसी एक विषय पर निबंध लिखिए।(5)



(—) परोपकार

(ख) प्रातः काल की सैर